दिनांक : 12/07/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की
2. 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना" के तहत आज 1 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 1 हजार 835 करोड़ रुपये अंतरित होंगे
3. मुख्यमत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा प्रदेश के विकास में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उठाए जाएंगे कदम
4. प्रदेश में 14 जुलाई से कुछ जिलों में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान

........................................................................

प्रधानमंत्री - भारतीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न्यूजीलैंड की अपनी दो दिन की ऐतिहासिक यात्रा संपन्न कर स्वदेश के लिए रवाना हो गए हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से बातचीत की। दोनों देशों ने रक्षा, पर्यटन, खेल, आपदा प्रबंधन और दुग्ध तथा पशुपालन सहित विभिन्न क्षेत्रों में पांच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। कल ऑकलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ऑकलैंड से वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च से क्वीन्सटाउन तक भारतीय समुदाय ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री मोदी ने कहा कि चार दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड यात्रा हो रही है और वे 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाएं वहां के भारतीय समुदाय तक लेकर पहुंचे हैं।

........................................................................

मुख्यमत्री युवा

मुख्यमत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल इंदौर में कहा कि प्रदेश के विकास में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। अगला वर्ष युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा और इसमें अनेक गतिविधियां इस दिशा में होंगी। मुख्यमंत्री ने

कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिये हर संभव मदद करेगी।

इससे पहले उन्होंने 'माय यूथ-माय प्राइड कॉन्क्लेव' के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ युवा विकसित भारत @2047 के निर्माण में सहभागी बनते हुए प्रदेश की समृद्धि के भी सूत्रधार बनेंगे। मुख्यमंत्री ने 'मध्यप्रदेश यूथ कॉन्क्लेव-2026' में इनफ्लुएंसर्स के साथ संवाद किया।

.......................................................................

लाड़ली योजना

प्रदेश में आज मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 38वीं मासिक किस्त जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव भिंड ज़िले के लहार से राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से एक करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में एक हजार 835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को नवंबर 2025 से प्रत्येक महीने एक हजार पांच सौ रुपये दिए जा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री लगभग 239 करोड़ रुपये की पूरी हो चुकी चालीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इसके अलावा, 83 करोड़ रुपये से अधिक की 16 नई लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

.......................................................................

पौधा रोपण अभियान

गृह मंत्री अमित शाह आज अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गांधीनगर में महत्वाकांक्षी सामुहिक पौधारोपण अभियान की शुरूआत करेंगे। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दिल्ली स्थित पूसा परिसर में 'पर्यावरण संरक्षण संकल्प' कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे देशभर से आए लगभग 17 हजार वृक्ष मित्रों से संवाद करेंगे और जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन में परिवर्तित करने का आह्वान करेंगे।

.......................................................................

पौधरोपण- मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में ग्राम बुडानिया में 21 लाख पौधों

का रोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापना के महाअभियान का शुभारंभ करेंगे। यह महाअभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जल संवर्धन को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

.......................................................................

वैष्णव-एआई, सेमीकंडक्टर

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत के विकास का अगला चरण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और उन्नत बुनियादी ढांचे पर आधारित होगा, जो विकसित भारत-2047 के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप है। हैदराबाद में कल आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय आईटी उद्योग से पारंपरिक सॉफ्टवेयर सेवा मॉडल से आगे बढ़कर एआई मॉडल अपनाने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उद्योग और शिक्षण संस्थानों के सहयोग से एआई को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए नैसकॉम के सहयोग से व्यापक एआई पाठ्यक्रम तैयार किया जा चुका है, ताकि भविष्य के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार किए जा सकें।

.......................................................................

विश्व जनसंख्या दिवस

जनसंख्या से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना और सतत विकास की दिशा में प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए कल विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का विषय है-युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना-आज और भविष्य के लिए। इस अवसर पर प्रदेश में भी जनजागरूकता रथ और रैली के साथ विश्व जनसंख्या सप्ताह की शुरुआत हुई। इस दौरान 18 जुलाई तक विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंडला जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण एवं परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान का शुभारंभ किया गया। परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरीकरण माह के तहत नीमच में जागरूकता रैली निकाली गई और बैतूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

........................................................................

स्वर्ण पदक- प्रदेश

इटली के लोनाटो शहर में ISSF वर्ल्ड कप शॉटगन में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग शॉटगन अकादमी की खिलाड़ी नीरू ढांडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अकादमी की दूसरी खिलाड़ी मनीषा ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दसवां स्थान हासिल किया। हरियाणा के रोहतक में आयोजित अंडर 23 राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य कुश्ती अकादमी की पूर्व खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत ने महिला 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रियांशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

........................................................................

क्रिकेट- भारत

इंग्लैंड ने कल रात साउथैम्पटन में पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 56 रन से हराकर श्रृंखला 4-0 से जीत ली है। इंग्लैंड ने भारत को 258 रन का लक्ष्य दिया था लेकिन भारतीय टीम निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। इससे पहले इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 257 रन बनाये थे। जोश बटलर को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

........................................................................

मौसम

प्रदेश में अगले तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि 14 जुलाई से कुछ जिलों में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू हो सकता है। पिछले 24 घंटो के दौरान, रीवा संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर;  चंबल, शहडोल संभागों के जिलों में  कुछ स्थानो पर वर्षा हुई। रामपुर में 63 मिमी अटेर में 54 और रीवा शहर में 44 मिमी बारिश दर्ज की गई।

........................................................................

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- मंडला जिले में ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराने के लिए 'प्रोजेक्ट संकल्प' का शुभारंभ किया गया, मंत्री संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल रहे।
2- खंडवा जिले और इसके हरसूद व पुनासा तहसील न्यायालयों में आगामी 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चेक बाउंस के मामलों का त्वरित निपटारा होगा।
3- आगर मालवा जिले के ग्राम निपानिया बैजनाथ आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं और बच्चों एक विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
4- झाबुआ जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोटला में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने 125 छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं।
5- डिंडोरी जिले के प्रत्येक विकासखंड की 7-7 शालाओं में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का सोशल ऑडिट आगामी 13 और 14 जुलाई को किया जाएगा।

.......................................................................